Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding saving and collecting the data of the internet users in established Data Centre in India.

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इंटरनेट यूजर डेटा का मामला इस सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं । भारत सरकार द्वारा शुरू की गई नई डिजिटल इंडिया स्कीम से देश में इंटरनेट उपयोग करने वालों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में भारी वृद्धि हुई है । इसका मुख्य कारण इंटरनेट सेवाओं का सस्ता होना है । इससे लोगों का जीवन सरल तथा सुगम हो गया है, लेकिन इसके साथ ही कुछ नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है । इन चुनौतियों में से एक यूजर डेटा की गोपनीयता है । भारतीय इंटरनेट यूजर के डेटा का एकत्रीकरण बाहरी देशों के बजाय केवल भारत में स्थापित डेटा सेंटर में होना चाहिए, ताकि यूजर की गोपनीयता को बचाया जा सके ।

महोदय, 21वीं सदी में सबसे महंगा स्रोत इंटरनेट यूजर का डेटा है । पूरी दुनिया में इंटरनेट यूजर के डेटा की कीमत दुनिया के कच्चे तेल के अनुमानित सभी भंडारों से भी ज्यादा है ।

महोदय, गूगल तथा फेसबुक जैसी इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां हैं, जो यूजर डेटा से काफी अधिक पैसे कमा रही हैं । इससे पता चलता है कि हमारे डेटा का उपयोग करके ये कंपनियां काफी समृद्ध हो चुकी हैं ।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि इस संदर्भ में उचित कार्रवाई करवाने के निर्देश देने की कृपा करें, ताकि डेटा यूजर की गोपनीयता को सुरक्षित रखा जाए । इन कंपनिंयों पर टैक्स का भी प्रावधान किया जाए, जिससे देश को आर्थिक लाभ हो सके और नई नौकरियों का सृजन भी हो सके ।